# कोचीन सीमाशुल्क समाचार पत्रिका

# Cochin Customs News Letter



श्री पुल्लेला नागेश्वर राव,
मुख्य-आयुक्त





श्री सुमित कुमार,
आयुक्त



| सम्पादक मण्डल |
|---|
| सुमित कुमार, भा. रा. से. - सीमाशुल्क आयुक्त |
| बी. जी. कृष्णन, भा. रा. से. – संयुक्त सीमाशुल्क आयुक्त |
| लखी नारायण दास , भा. रा. से. - सहायक सीमाशुल्क आयुक्त |
| मनोज कुमार – सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) |
| किरण अय्यर वी. - कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक |

अंक-7 दिसम्बर , 2018

## संपादकीय

सीमाशुल्क गृह, कोचीन के डिजिटल मासिक पत्रिका का सातवाँ अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। उत्तरोत्तर इस पत्रिका का सफल प्रकाशन कार्यालय में राजभाषा हिन्दी के प्रति अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग तथा मार्गदर्शन को बिंबित करता है| सूचना के नवीनतम माध्यमों जैसे वेब साईट, फेस बुक, ट्विटर तथा विभिन्न व्हाट्स एप ग्रुपों के माध्यम से हजारों लोगों को यह पत्रिका उपलब्ध हो रही है और सराहनाएँ प्राप्त कर रही हैं| पत्रिका का उद्देश्य तब और भी सार्थक हो जाता है जब इसके निर्माण में सभी की सक्रिय सहभागिता मिले| इस परिपेक्ष्य में यह अधिकारियों/कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों की सृजनशीलता को उभारकर उन्हें एक मंच प्रदान करने का माध्यम भी बनी है।

कार्यालय में मनाए जा रहे विभिन्न उत्सव सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को उनकी व्यस्तता के बीच एक अलग सी स्फूर्ति तथा अपनेपन का एहसास कराते हैं |

हमारी इस पत्रिका को विकास के सोपानों पर अग्रणी बनाने का दायित्व हम सभी का ही है| कार्यालय से संबन्धित सूचनाओं से परिपूर्ण इस पत्रिका रूपी सरिता का निरंतर प्रवाह आप सभी के सहयोग से ही संभव हो सकता है| इस पत्रिका के और अधिक विकास और विस्तार में आपकी सृजनशीलता तथा आपका कौशल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस महती आशा के साथ आप सभी को नव वर्ष की ढ़ेरों शुभकामनाएँ| यह नव वर्ष 2019 आपने जीवन में ढेर सारी खुशियाँ लाए इस शुभकामना के साथ आपसे अनुरोध है की यदि पत्रिका में किसी भी प्रकार के सुधार आवश्यक है तो इस परिपेक्ष्य में आप सभी के सकारात्मक सुझावों का स्वागत है।

नव वर्ष की असीम शुभकामनाओं सहित,


आपका,

सुमित कुमार, भा. रा. से.


आयुक्त


# समाचार पत्रिका का विमोचन

नवंबर माह की कार्यालयीन मासिक समाचार पत्रिका का विमोचन नव वर्ष की शुभ बेला में दिनांक 01.01.2019 को आयुक्त, श्री सुमित कुमार के कर कमलों से सीमाशुल्क गृह के बोर्ड रूम में हुआ|








# ड्राईव थ्रू कंटेनर स्कैनर

ड्राईव थ्रू कंटेनर स्कैनर, आई सी टी टी, वल्लारपाडम का उदघाटन दिनांक 08/12/2018 को अध्यक्ष, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमाशुल्क बोर्ड के कर कमलों से हुआ| इस अवसर पर सीमाशुल्क कोचीन के टाइम रिलीस स्टडी का विमोचन भी किया गया|






















INAUGURATION

# हिन्दी प्रतियोगिताओं में सफलता

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में आयोजित संयुक्त राजभाषा समारोह, 2018 के प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किया गया जिसमें हमारे कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपनी प्रतिभा को सिद्ध किया| गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष प्रतियोगिताओं में अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रदर्शन अति प्रशंसनीय रहा|

इस कार्यालय से विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची :

| क्र. सं. | नाम तथा पदनाम | प्रतियोगिता | पुरस्कार | छायाचित्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार, सीमाशुल्क अधीक्षक (निवारक) | हिन्दी टंकण Hindi Typing | प्रथम |  |
| | | राजभाषा ज्ञान Knowledge of Official language | द्वितीय | |
| 2. | बैजू डेनियल, मूल्यनिरूपक | आशुभाषण Extempore Speech | द्वितीय |  |
| 3. | अमर सिंह, लैब सहायक | हिन्दी टंकण Hindi Typing | द्वितीय |  |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | रजनी के. आर.,<br>निजी सचिव | हिन्दी गीत<br>(महिला)<br>Hindi song<br>(Female) | तृतीय |  |
| 5. | मलय दास,<br>निवारक अधिकारी | आशुभाषण<br>Extempore<br>Speech | चतुर्थ |  |

## <u>प्रतियोगिताओं की कुछ झलकियाँ:-</u>


















# क्रिसमस उत्सव

कार्यालय में दिनांक 20.12.2018 को क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया| सारा प्रांगण गुब्बारों, सितारों व अन्य आकर्षक वस्तुओं से सजाया गया| जिससे कार्यालय की शोभा देखते ही बनती थी| संगीत की धुनों पर नृत्य करते सांता क्लॉज़ सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे| इस बीच आयुक्त महोदय ने केक काटकर सभी को क्रिसमस तथा नये वर्ष की शुभकामनाएँ दी|

















## तस्करी विरोधी कार्य में सीमाशुल्क की सफलता

नव निर्मित कन्नूर एयरपोर्ट पर आबूधाबी से आए मुहम्मद शाह को 2 किलोग्राम सोने की तस्करी करते हुए पकड़ा गया और हिरासत में ले लिया गया| तस्करी विरोधी कार्यों के परिपेक्ष्य में सीमाशुल्क गृह की इस एयरपोर्ट पर यह पहला सफल अभिग्रहण था (जब्ती थी)| जो अधिकारियों/कर्मचारियों की निष्ठा तथा सतर्कता को परिलक्षित करता है|



**First gold seizure at Kannur airport**

Kannur: Muhammad Shan, who arrived from Abu Dhabi, was taken into custody as he tried to smuggle in two kilograms of gold through the newly-launched Kannur Airport. It was the first seizure at the aerodrome.

# बॉलीबाल चैंपियनशिप में शानदार जीत

जीतकर कार्यालय से अधिकारियों/कर्मचारियों की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कराते हुए राष्ट्रीय स्तर की भारतीय सिविल सर्विस बॉलीबाल चैंपियनशिप जीतकर कर कार्यालय को गौरवान्वित किया| एर्णाकुलम डिस्ट्रिक्ट सुपर लीग चैंपियनशिप में सेवाशुल्क, कोचीन ने भारतीय नौसेना, बी पी सी एल, कोचीन पोर्ट ट्रस्ट इत्यादि टीमों को हराकर चैंपियनशिप जीता| फ़ाइनल मैच में बी पी सी एल ने सेवाशुल्क, कोचीन के मुक़ाबले में अपने वर्तमान के अंतर्राष्ट्रीय टीम को मुक़ाबले में उतारा| बिना किसी अंतर्राष्ट्रीय मुक़ाबले का अनुभव रखने वाली हमारी इस टीम ने अत्युत्तम प्रदर्शन करते हुए एक रोमांचक मुक़ाबले में बी पी सी एल को रौंधकर एतिहासिक जीत दर्ज की|






അധ്വാനിച്ച് നേടിയ കപ്പ്



ജില്ലാ സൂപ്പർ ലീഗ് സീനിയർ വോളി കിരീടം കസ്റ്റംസ് നേടിയതിനു പിന്നിലെ വേറിട്ട കഥ

ആന്റണി ജോൺ

കൊച്ചിൻ കസ്റ്റംസ് ടീം

# “तिरुवादिला उत्सव ”

आइलैण्ड में मलयालम कैलेंडर के अनुसार धनुर्मास में आयोजित **“तिरुवादिला”** उत्सव में प्रतिवर्षानुसार हाथियों और वाद्यों के साथ भगवान अय्यप्पा स्वामी की मनमोहक झांकी निकाली गई, जिसकी शुरुवात इस कार्यालय से हुई| इस संदर्भ में सर्वत्र एक दिव्य आध्यात्मिक भावना का संचार हुआ| कार्यालय के मुख्य द्वार पर विधिपूर्वक पूजन कार्य सम्पन्न हुआ जिसमें आयुक्त महोदय सहित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों  ने सहभागिता प्रदर्शित की|





# सेवानिवृत्ति

इस माह कार्यालय में कार्यरत तीन कर्मचारी श्रीमती अनियम्मा जॉन, मुख्य हवलदार, श्री हार्मिस जेकब, ड्राईवर ग्रेड-I तथा एम शांतिनी, एम टी एस इस कार्यालय से सेवानिवृत्त हुए| इस अवसर पर आयुक्त सहित सभी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे|



# इंद्रिय सुख (कविता)

रचनाकार :किरण अय्यर वी

कनिष्ठ अनुवादक





अंग तो कई मिले पर मिली पाँच ज्ञानेंद्रिया
इन पाँचों को जीता मत लब सब पा लिया|

ईश दर्शन नही केवल भौतिक चकाचौंध देखना चाहे ये नैन
अपनी ही मस्ती में ये डोले है दिन रैन
सुबह शाम टिकी रहे ये कम्प्यूटर और मोबाइल पर
मानो कोई जादू टोना सा हुआ है इन पर|
ये आंखे दूसरों का बुरा होते देखती पर मस्तिष्क को
उसे रोकने हेतु कोई संदेश न पहुंचाती |

गलत बाते तो सुनते ही अंकित कर देती मन पर
सच्ची व अच्छी बातों का न होता इस पर असर|
ईयर फोन व ब्लू टूथ का बना ये घर
पर सुविचारों को जैसे कर दिया हो बेघर|
मुरली की इसे कहा मिलती है सुनने को तान
बस गाड़ियों के हॉर्न सुनते है ये कान |

मन को शांति से प्रफुल्लित करती  मिट्टी की सौंधी खुशबू न चाहे ये
मादक कर देने वाली बोतलों में भारी कृत्रिम सुगंध से होते ये मस्त
मानव को जीवित रखने हेतु प्राणवायु का आवागमन स्त्रोत ये नाक
अस्वच्छ वातावरण मे मोटर गाड़ियो के धुएँ से है आज ये त्रस्त|

सात्विक भोजन छोड़ चटपटे के लिए हुई ये चटोरी
इसे क्या पता ये कर रही हमसे ही स्वास्थ्य की चोरी
गर गलती करे ये जीभ तो पेट को ही भुगतना होगा
गलत निकाले कोई बोल तो हमको ही पिटना होगा |

पहले की तरह प्राकृतिक सुंदरता अब कहा है दिखती
मेक अप की परतों के नीचे ही वो छुपती फिरती
सभी दिखाना चाहे है गोरा और बेदाग
चमड़ी का गोरा होना ही है क्या सुंदरता
क्या गोरी चमड़ी छुपा पाएगी चरित्र के दाग |

आँख, कान, नाक, जीभ, त्वचा ये है पाँच ज्ञानेंद्रिया हमारी
आज हर जतन से करनी होगी इनकी हमें रखवारी|
हर तरह के प्रदूषण से रहना होगा हमें दूर
तभी हम जीवन का आनंद पाएंगे भरपूर |

"गर रखना हो देश का मान तो करो हिन्दी का सम्मान"